शिक्षा से वंचित छात्रों को रिसोर्सफुल एजुकेशन फाउंडेशन की वित्तीय सहायता

पुणे : वाकड स्थित आर.ई.एफ, एनजीओ ने 150 मेधावी और वंचित छात्रों को 26 लाख 14 हजार 793 रूपए की राशि उनके शिक्षा शुल्क में व्यक्तिगत प्रायोजक और सहमतिशील कॉर्पोरेट की मदद से प्रदान की है। आर.ई.एफ के संस्थापक श्री अमरपाल सिंह की इच्छा थी की उच्च शिक्षा के माध्यम से वे इन योग्य छात्रों के भविष्य को देखे। आई.आई.एम के पूर्व छात्र श्री सिंह को समाज को वापस देने का सपना आर.ई.एफ,एन जी ओ जो समाज के सामाजिक विकास और शिक्षा के लिए समर्पित है के द्वारा पूरा हुआ। वह इस सेवा को संपूर्ण भारत में फैलाने की योजना बना रहे है जिससे मेधावी और वंचित छात्रों को लाभ मिल सके और शिक्षा के माध्यम से हमारे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके ।

श्री सिंह ने आशावादी नोट पर कहा- "हमने पहले ही 150 से अधिक छात्रों को सहायता प्रदान की है और आगे भी सहायता करने के लिए इक्छुक है "भविष्य में हम हजार से अधिक अभावग्रस्थ छात्रों के जीवन को विकसित करना और बदलना चाहते है।आर.ई.एफ 23 अप्रैल 2018 को शामिल की गई एक गैर सरकारी संगठन है। जिसने मेधावी और वंचित छात्रों की 2614793 रूपए की आर्थिक सहायता की है। आगे भी शिक्षा संस्थान के छेत्र में आर.ई.एफ मेधावी और वंचित छात्रों को अधिक से अधिक धनराशि प्रदान करेगा।

मेधावी और वंचित छात्रों के चयन के लिए आर.ई.एफ के कुछ मापदंड है जैसे आर.ई.एफ,वाकड कार्यालय पुणे,में पहले छात्रों के आय प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड,12वि की मार्कशीट और उनके पिछले शैक्षणिक इतिहास को देखकर ही उनका चयन किया जाता है।इसके बाद छात्र अपने अभिभावकों के साथ दो चरण में आते है जिसे स्क्रीनिंग कहते है।इसके बाद योग्य वंचित छात्रों का आर.ई.एफ के संस्थापक श्री सिंह के साथ इंटरव्यू होता है।आर.ई.एफ एनजीओ कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत है जिसका सी.आई.एन नं :U85200PN2018PTC176205 है। 12वि कक्षा के पूरा होने पर आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।प्रायोजकों को प्राप्त करने का काम बहुत कठिन होता है जिसे आर.ई.एफ के द्वारा सावधानीपूर्वक आर.ई.एफ पेशेवरों द्वारा किया जाता है।

एनजीओ अपने दम पर खड़ा नहीं हो सकता है और केवल व्यक्तिगत दाताओ और स्वयंसेवको के समर्थन पर निर्भर करता है,लेकिन इसके अलावा इसमें कॉर्पोरेट्स को **सी.एस.आर** के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारी दिखने की भी आवश्यकता है।

आर.ई.एफ, एनजीओ बड़े कॉर्पोरेट्स के साथ मिलकर काम कर रहा है और साथ ही वंचित छात्रों को मौद्रिक सहायता प्रदान करने वाली समय सीमा का पालन करता है।

श्री सिंह ने कहा - “हम लगातार अधिक से अधिक वंचित छात्रों की सहायता करने में और उन्हें हमारे देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में उभरने के लिए,मार्गदर्शन करने क लिए लगातार प्रयास कर रहे है”।

हम इन आभावग्रस्त छात्रों के द्वारा अनुभव की गई स्तिथि समझ सकते है ।आर.ई.एफ के सलाहकार समिति और स्वास्थय सेवा,आयुध निर्माणी बोर्ड,कोलकाता के पूर्व निदेशक डॉ.आर कँवर ने कहा,मेरी शिक्षा यात्रा भी एक संघर्ष थी जिसे मैंने उचित शिक्षा के कारण सम्मान क साथ हासिल किया। डॉ कँवर एनजीओ सेवा में बहुत सक्रिय है और वंचित छात्रों की स्क्रीनिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।एन जी ओ अकेले अपने दम पर समाज की सेवा नहीं कर सकते हैऔर इसीलिए कॉर्पोरेट को मेधावी और वंचित छात्रों के उत्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटीज़ (सी.एस.आर) फंडिंग और अनुदान प्रक्रिया है जिसके तहत एनजीओ को कॉर्पोरेट क्षेत्र से वित्तीय और अन्य सहायता मिल सकती है।अल्पकालिक छात्र कल्याण परियोजनाओं के लिए 90% से अधिक धन कॉर्पोरेट सेक्टर से आता हैं।

आर.ई.एफ महाराष्ट्र के ग्रामीण शहरी वस्तियों में व्यापक उपस्तिथि के साथ सी एस आर के लिए एक एनजीओ है।आर.ई.एफ पूरे महाराष्ट्र में फैले गाँव और शहरी झुग्गियों में 1000 से ज्यादा अधिक वंचित छात्रों के जीवन को प्रभावित करना चाहता है।

केवल एक साल से अधिक समय में ही,आर.ई.एफ छात्रों की सहायता करने में सक्षम रहा है।आर.ई.एफ की भागीदारी सीधे कल्याण परियोजनाओं में शामिल हैऔर भारत में सी.एस.आर के लिए सबसे अच्छे एनजीओ संगठन में से एक के रूप में उभरने के लिए तैयार है।"हम ये सुनिश्चित करते है की छात्रों को आगे की पढाई के लिए न केवल वित्तीय सहायता मिले साथ ही अद्धयन अवधि के दौरान उन्हें मार्गदर्शन और परामर्शभी मिले।

"श्री सिंह ने कहा- हम अधिक छात्रों को जीवन में सफल होते देखना चाहते है।क्योकि इसका मतलब है एक सफल और शिक्षित भारत"।

आर.ई.एफ ने शिक्षा के माध्यम से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 150 छात्रों के जीवन को उज्जवल किया है। आर.ई.एफ ने आर्थिक रूप से मजबूत और शिक्षित भारत के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जरूरतमंद छात्रों का समर्थन करने का प्रयास किया है ।

कैप्शन

श्री अमरपाल सिंह रिसोर्सफुल एजुकेशन फाउंडेशन (आर.ई.एफ) के संस्थापक,वाकड पुणे।